समर्थक ने कलक्ट्रेट परिसर में लगाई मायावती की दस भुजाधारी होर्डिंग

अमर उजाला ब्यूरो

बांदा। प्रदेश भर में सपा और भाजपा के बीच होर्डिंग और एआई वीडियो वॉर चल रहा है। इस सियासी हलचल के बीच शहर में बसपा सुप्रीमो मायावती की एक होर्डिंग चर्चा का विषय बन गई है।

दस भुजाओं मायावती की यह होर्डिंग कलक्ट्रेट परिसर स्थित विशाल बरगद के पेड़ पर लगाई गई है। इसे आशुतोष पठक की ओर से लगवाया गया है।

होर्डिंग में मायावती को दस भुजाओं के साथ दर्शाया गया है। उनके अलग-अलग हाथों में संविधान, मोहिदा, शिक्षा, जमीदोज, न्याय, स्वास्थ्य, किसान और रोजगार को दिखाया गया है। साथ ही उनकी तुलना माँ दुर्गास्वरूप देवी से की गई है। होर्डिंग के जरिये उत्तर प्रदेश को स्वच्छ, सुरक्षित और शिक्षित बनाने का संदेश भी दिया गया है।

कलक्ट्रेट जैसे प्रशासनिक परिसर में राजनीतिक संदेश वाली इस होर्डिंग को लेकर लोगों के बीच चर्चा है। परिसर में इसे लगाने की अनुमति किसने ली गई और किन नियमों के तहत इसे लगाया गया, यह भी सवाल उठ रहा है।

सपा-भाजपा के होर्डिंग और एआई वीडियो वॉर के बीच होर्डिंग चर्चा में

ऐसे किसी होर्डिंग लगाए जाने की जान मंडल में नहीं है। कलक्ट्रेट परिसर में किसी भी तरह की होर्डिंग प्रतिबंधित है। लगाई गई होर्डिंग को हटवाया जाएगा और लगाने वाले पर कार्रवाई भी की जाएगी।

-दिनेश पंत, सिटी मजिस्ट्रेट बांदा।

वृद्ध के मुंह में कपड़ा ठूंस अमानवीय हरकत की

पैसालो। थाना जसपुरा क्षेत्र के एक गांव में पशुओं की रखवाली कर रहे एक वृद्ध (65) की संभवत बना मुंह में कपड़ा ठूंस कर अमानवीय हरकत करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित के अनुसार वह पशुओं की रखवाली के लिए बाड़े में लेटे थे। तभी करीब तीन बजे दो युवक वहां पहुंचे। उन्हें पकड़कर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। युवकों ने उनके



कलक्ट्रेट परिसर में बरगद पर लगी बसपा सुप्रीमो की होर्डिंग। फोटो : डिजाइन

शौर मचाने पर परिजन ने बंधन मुक्त कराया

साथ अमानवीय घटना की। वह इसे से तड़प उठे। पास देख युवक वहां से भाग निकले। उन्होंने शोर मचाया। इस पर पहुंचे परिजन ने बंधन मुक्त कराया।

इस मामले में उनकी लिखित जसपुरा एकत्रकृष्ण तिवारी ने बताया कि पीड़ितजन के बाद ही जानकारी हो सकेगी। (संवाद)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, ललितपुर

पत्रांक: 2530/ए–7 दिनांक : 24.10.2026

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना आमंत्रण

उच्चतर सोपान, 2020 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–1, लंक निर्माण विभाग, बांदा द्वारा डीसेंट एन्ड डसेंट प्रदेश लोक निर्माण विभाग में कार्य कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्रेणी–ए, बी, सी, डी, अनुबंधित ठेकेदारों से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी अन्य उपयोग कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह भुगतान अवधि से सम्बन्ध में निविदादाता नियंत्रण पुस्तिका में वर्णित तथा प्रदान करने सम्बन्धित नियमों से अवगत हो लें।

क्र. सं.	प्रस्ताव	कार्य का नाम	अनुमानित धनराशि (रू. लाख में)	अनुमत धनराशि (रू. लाख में)	निविदा शुल्क (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में)	कार्य उपलब्ध हेतु अधिकारी कार्यालय का नाम	अधिकृत अधिकारी का नाम	मुख्य अभि. का पता
1	कुशल	कुशल सम्पर्क मार्ग से विशेष मरम्मत का कार्य।	2.00	0.20	Rs. 944.00	02 माह	निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 बांदा	बांदा इकाई, लो0नि0वि0 बांदा	मुख्य अभि0 विनयशुल्क (बांदा) बांदा लो.नि.वि. बांदा
2	कमजल	कमजल से कलोटन इकाय सम्पर्क मार्ग से विशेष मरम्मत का कार्य।	2.80	0.28	Rs. 944.00	02 माह	निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 बांदा	बांदा इकाई, लो0नि0वि0 बांदा	मुख्य अभि0 विनयशुल्क (बांदा) बांदा लो.नि.वि. बांदा
3	तहोल	तहोल सम्पर्क मार्ग से विशेष मरम्मत का कार्य।	8.00	0.80	Rs. 944.00	02 माह	निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 बांदा	बांदा इकाई, लो0नि0वि0 बांदा	मुख्य अभि0 विनयशुल्क (बांदा) बांदा लो.नि.वि. बांदा
4	पुखराव	पुखराव से पुरा सम्पर्क मार्ग से विशेष मरम्मत का कार्य।	7.65	0.71	Rs. 944.00	02 माह	निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 बांदा	बांदा इकाई, लो0नि0वि0 बांदा	मुख्य अभि0 विनयशुल्क (बांदा) बांदा लो.नि.वि. बांदा
5	देसुर	देसुर कलोनपुरा सम्पर्क मार्ग से विशेष मरम्मत का कार्य।	12.50	1.25	Rs. 944.00	02 माह	निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 बांदा	बांदा इकाई, लो0नि0वि0 बांदा	मुख्य अभि0 विनयशुल्क (बांदा) बांदा लो.नि.वि. बांदा
6	उपरा	उपरा पुरा से गोविन्द सम्पर्क मार्ग से विशेष मरम्मत का कार्य।	7.50	0.75	Rs. 944.00	02 माह	निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 बांदा	बांदा इकाई, लो0नि0वि0 बांदा	मुख्य अभि0 विनयशुल्क (बांदा) बांदा लो.नि.वि. बांदा
7	मलीपुर	मलिनपुर सम्पर्क मार्ग से विशेष मरम्मत का कार्य।	25.00	2.50	Rs. 944.00	02 माह	निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 बांदा	बांदा इकाई, लो0नि0वि0 बांदा	मुख्य अभि0 विनयशुल्क (बांदा) बांदा लो.नि.वि. बांदा
8	बांदा	बांदा प्रयागराज रोड से बोकरा तिवारी रोड से विशेष मरम्मत का कार्य।	12.20	1.22	Rs. 944.00	02 माह	निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 बांदा	बांदा इकाई, लो0नि0वि0 बांदा	मुख्य अभि0 विनयशुल्क (बांदा) बांदा लो.नि.वि. बांदा
9	सिरसापुर	सिरसापुर सम्पर्क मार्ग से विशेष मरम्मत का कार्य।	13.50	1.35	Rs. 944.00	02 माह	निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 बांदा	बांदा इकाई, लो0नि0वि0 बांदा	मुख्य अभि0 विनयशुल्क (बांदा) बांदा लो.नि.वि. बांदा
10	बेलहरकलां	बेलहरकलां सम्पर्क मार्ग से विशेषाधार सम्पर्क मार्ग से विशेष मरम्मत का कार्य।	11.10	1.11	Rs. 944.00	02 माह	निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 बांदा	बांदा इकाई, लो0नि0वि0 बांदा	मुख्य अभि0 विनयशुल्क (बांदा) बांदा लो.नि.वि. बांदा
11	ग्राम पंचायत लखौ में फतेहपुर भगोतवारी रोड से सिंह खरौनी पोरा तक सिंह रोड से विशेष मरम्मत का कार्य।	17.00	1.70	Rs. 944.00	02 माह	निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 बांदा	बांदा इकाई, लो0नि0वि0 बांदा	मुख्य अभि0 विनयशुल्क (बांदा) बांदा लो.नि.वि. बांदा
12	बासवा	बासवा पुरा सम्पर्क मार्ग से विशेष मरम्मत का कार्य।	26.20	2.62	Rs. 944.00	02 माह	निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 बांदा	बांदा इकाई, लो0नि0वि0 बांदा	मुख्य अभि0 विनयशुल्क (बांदा) बांदा लो.नि.वि. बांदा
13	अलौहरा	अलौहरा से तकुही तक सम्पर्क मार्ग से विशेष मरम्मत का कार्य।	20.50	2.05	Rs. 944.00	02 माह	निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 बांदा	बांदा इकाई, लो0नि0वि0 बांदा	मुख्य अभि0 विनयशुल्क (बांदा) बांदा लो.नि.वि. बांदा
14	पाण्डातरी	पाण्डातरी का पुरा सम्पर्क मार्ग से विशेष मरम्मत का कार्य।	18.10	1.81	Rs. 944.00	02 माह	निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 बांदा	बांदा इकाई, लो0नि0वि0 बांदा	मुख्य अभि0 विनयशुल्क (बांदा) बांदा लो.नि.वि. बांदा
15	तहोल	तहोल से तिवारी सम्पर्क मार्ग से विशेष मरम्मत का कार्य।	6.20	0.62	Rs. 944.00	02 माह	निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 बांदा	बांदा इकाई, लो0नि0वि0 बांदा	मुख्य अभि0 विनयशुल्क (बांदा) बांदा लो.नि.वि. बांदा
16	मलीपुर	मलीपुर सम्पर्क मार्ग से विशेष मरम्मत का कार्य।	27.50	2.75	Rs. 944.00	02 माह	निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 बांदा	बांदा इकाई, लो0नि0वि0 बांदा	मुख्य अभि0 विनयशुल्क (बांदा) बांदा लो.नि.वि. बांदा

बिड ऑफर स्क्रीनिंग में समाई नहीं करें पीडब्लूडी कार्य को छोड़ते हुए समाई गयी है।

निविदा आमंत्रण दिनांक 05.11.2026 से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 12.11.2026 की दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 12.11.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3870/79–2–2018/42 आईटी/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख अधिकतम कार्य से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने हैं। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रदत्त वीटवेयर के माध्यम से किया जाता है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती हैं।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, बांदा

www.upgov.nic.in
Uptr/ 200809 Dt. 30.10.2026

विधायक, गरीबों का पैसा दे दो, नहीं तो गर्मी उतारकर घर पहुंचा दूंगा : राजभर

बबेरू में जन अधिकार महारैली में कैबिनेट मंत्री ने विपक्षी दलों पर साधा निशाना



जनसभा को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर। संवाद



जनसभा में शामिल हुए लोग। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बांदा। हर विधायक को गरीबों के इलाज के लिए पांच हजार से 25 हजार रुपये तक की अधिक सहायता दिलाने का अधिकार है। यह कहा कोई नहीं चाहता। ऐ विधायक, गरीबों का पैसा उन्हें दे दो, नहीं तो ओमप्रकाश राजभर तुम्हारी गर्मी उतारकर घर पहुंचा देगा।

यह बात सेमरहा की बबेरू विधानसभा क्षेत्र में आयोजित भागीदारी पार्टी की रैली में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कही। उन्होंने गरीबों के इलाज के लिए सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं का जिक्र करते हुए नेताओं को लताड़ा।

कृषि उत्पादन मंडी समिति के मैदान में आयोजित महारैली की अध्यक्षता भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति ने की। मुख्य अतिथि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि मंच, कमरा और कार्यालय की सरकारों में गरीबों के पैसे का बंदरबांट होता था। गरीबों को आवास डालने पर आमदनित होना पड़ता था। अब समय बदल गया है। गरीबों की ताकत कानून है, लेकिन गरीबों में इसकी आज भी अपनी ताकत के बल पर कानून का डंडकन खुलने नहीं दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अपने समाज का झंडा लेकर निकल पड़े हैं। किसी को डराने की जरूरत नहीं है। झंडा बलपूर्वक होगा तो हर दल में सम्मान मिलेगा। सब को पिछड़ों का हितैषी बता कहा कि अगर ऐसा है तो सदन में संसद तक और सड़क पर उनकी आवाज उठाएं। कहा कि उन्होंने 27 प्रतिशत आरक्षण को बचाकर-बचाकर लाने की मांग की थी। इसके लिए साकार ही इसीलिए भी दे दिया था।

प्रज्ञापति समाज 22 प्रतिशत, उत्पीड़न चर्दाशत

भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति ने कहा कि बुंदेलखंड में प्रजापति समाज के मतदाताओं की संख्या 22 प्रतिशत से अधिक है। इसके बावजूद चुनाव दलों में टिकट के लिए हाथ फैलाना पड़ता है। बबेरू विधानसभा क्षेत्र में समाज के लोगों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने 12 दिनों का जिला मुख्यालय में विशाल रैली करने का ऐलान किया।

मंत्री को सौंपे दो ज्ञापन, उठाई मांग

महारैली के दौरान पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर को ग्राम पंचायतों की समस्याओं और विकास संबंधी मांगों को लेकर दो अलग-अलग ज्ञापन भी सौंपे गए। इस प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र कुशवाहा ने 11 मांगों का ज्ञापन दिया। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी अमित सिंह, अंकित अग्रवाल, धर्मेंद्र कुमार, शशि प्रकाश सिंह और अरुण कुमार कुशवाहा मौजूद रहे। वहीं, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष देवेश कुमार मेहू ने कार्यक्रम के निर्धारण भाजन में मंत्री से मुलाकात कर ग्राम पंचायत पार्षदों और उनके घरों बिजली अकारन व कटौती के विकास के लिए तीन बिजली घर खोल पर दिया। इसमें गरीब परिवारों के लिए कटालपा, सुलभ शौचालय घर तक सड़क, पुलियों के लिए खंजन देवान, मिनी स्टेडियम और ओपन जिम सेंटर बनवाने की मांग शामिल रही। वेसेल कुमार सोनू के अनुसार पंचों ने सांसों की ज्वाल पूरा कराने का प्रतीक लिए। इस मौके पर महेश पटेल, सुखलाल प्रजापति, अम्बेडकर, केसर प्रसाद प्रजापति, सुहेलदेव पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामपूजन और विनोदानंद लोधा सहित मौजूद रहे।

चेक बाउंस में 60 हजार रुपये देकर समझौता

बांदा। चेक बाउंस के मामले में परिवादी और आरोपी के बीच आपसी समझौता हो गया। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय सत्यवीर सिंह की अदालत ने सुलहनामे के आधार पर दिव्यांग शक्ति कंस्ट्रक्शन के संचालक को दोषमुक्त कर दिया।

शिवम ट्रेडर्स, चिल्ला रोड, बांदा के प्रोप्राइटर अभिषेक गुप्ता ने दिव्यांग शक्ति कंस्ट्रक्शन के प्रोप्राइटर दिव्यांगजन सिंह के विरुद्ध चेक बाउंस

बाकायदा से

का परिवाद दाखिल किया था। आरोप था कि कंस्ट्रक्शन कार्य के लिए सीमेंट खरीदने के एवज में दिव्यांगजन ने 25 हजार और 29 हजार रुपये के दो चेक दिए थे। चेक में पर्याप्त धनराशि न होने से दोनों चेक बाउंस हो गए थे। विधिक नोटिस भेजने के बाद भी भुगतान नहीं होने पर व्यथित अदालत पहुंचा था।

मुकदमे की सुनवाई के दौरान न्यायालय के प्रयास से दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। परिवादी अभिषेक गुप्ता ने अदालत में बयान दिया कि विवादी ने चेक की पूरी धनराशि, ब्याज और हर्जे-खर्चे समेत कुल 60 हजार रुपये का भुगतान कर दिया है। अब वह मुकदमा आगे नहीं चलाना चाहते और न ही कोई दंडात्मक कार्रवाई चाहते हैं।

दोनों पक्षों के बयान और सुलहनामे के आधार पर अदालत ने अभियुक्त दिव्यांगजन सिंह को आरोपमुक्त कर दिया। साथ ही उनके जमानत पत्र और निजी बंधपत्र निरस्त करने का आदेश दिया। (संवाद)

देसी शराब के साथ दो गिरफ्तार

बांदा। थाना कबरौसन पुलिस ने देसी शराब के 44 पौवों के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक मनीष कुमार शर्मा ने बताया कि संत पहीरा की पुलिया के पास से शिवगोपाल को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से 22 पौवा देसी शराब मिली है।

इसी तरह से अरेन्ज स्थित चरी मोहल्ला मोड़ के पास से मनबीर सिंह को पकड़ा गया। उसके पास मिले एक झोले से 22 पौवा देसी शराब मिली है।

इस मामले में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार अहेता ने बताया कि दोनों के खिलाफ प्रथमिकी दर्ज कर ली गई है। (संवाद)

किसान पर मधुमक्खियों का हमला, मौत

बांदा। पान की फसल देखकर लौट रहे किसान पर मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। झुंड के रूप में मधुमक्खियों ने उसके पूरे शरीर में डंक चुभो दिए। इससे उसकी मौत हो गई। कमासिन थाना क्षेत्र के पाल महाशयाना निवासी संग्राम सिंह ने बताया कि उसके बड़े भाई विजय (45) गुरुवार की शाम करीब पांच बजे अपना पान का खेत देखकर लौट रहे थे। तभी मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया। परिजन खेत की तरफ पहुंचे तो उन्होंने किसी तरह से आग जलाकर पुआं करके मधुमक्खियों को भगाया, तब तक विजय की मौत हो चुकी थी। भाई ने बताया कि विजय के शव का सोमवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। कमासिन थाना इंस्पेक्टर मनोज ओझा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। (संवाद)

चलती ट्रेन से उतरने में गिरा युवक, गई जान

संवाद न्यूज एजेंसी

अतर्रा। चलती ट्रेन से उतर रहे युवक की पटरी पर गिरने से मौत हो गई। युवक दिल्ली पर लौट रहा था। उसका शव अतर्रा इंजीनियरिंग कालेज के पास अप्पर में रेलवे लाइन पर मिला। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जेब में मिले टिकट व अन्य कागजों से उसकी पहचान की और परिजन को खबर दी।



राजू खटवा। स्वयं

अतर्रा कोतवाली क्षेत्र के कमलौ पुरवा मजरे दिघिरवाया निवासी राजू खटवा (35) झांसी के मकरनीपुर में मजदूरी करता था। वह त्योहार पर घर लौटने के लिए ट्रेन में बैठा था। ट्रेन मंगलवार सुबह अतर्रा पहुंचने वाली थी। इसी दौरान ट्रेन की रफ्तार धीमी होने पर वह उतरने लगा। इसी बीच पैर फिसलने से वह नीचे गिर गया। ट्रेन के पहिये उसके ऊपर से गुजर गए। सूचना पर जीआरपी चौकी प्रभारी अतर्रा पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। (संवाद)

इंजीनियरिंग कॉलेज के पास अप्पर में हादसा, दिवाली पर घर आ रहा था

अतर्रा। चलती ट्रेन से उतर रहे युवक की पटरी पर गिरने से मौत हो गई। युवक दिल्ली पर लौट रहा था। उसका शव अतर्रा इंजीनियरिंग कालेज के पास अप्पर में रेलवे लाइन पर मिला। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जेब में मिले टिकट व अन्य कागजों से उसकी पहचान की और परिजन को खबर दी।

अतर्रा कोतवाली क्षेत्र के कमलौ पुरवा मजरे दिघिरवाया निवासी राजू खटवा (35) झांसी के मकरनीपुर में मजदूरी करता था। वह त्योहार पर घर लौटने के लिए ट्रेन में बैठा था। ट्रेन मंगलवार सुबह अतर्रा पहुंचने वाली थी। इसी दौरान ट्रेन की रफ्तार धीमी होने पर वह उतरने लगा। इसी बीच पैर फिसलने से वह नीचे गिर गया। ट्रेन के पहिये उसके ऊपर से गुजर गए। सूचना पर जीआरपी चौकी प्रभारी अतर्रा पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। (संवाद)

नगर निगम चंडीगढ़

ई–निविदा सूचना

क्र. सं.	कार्य का नाम	निविदा जमा करने की अनुसूची (ऑनलाइन)	खरीदियों खोलने का दिनांक (ऑनलाइन)
	कार्यकारी अभियंता – एसडब्ल्यूएम मंडल		
1.	उपरोक्तवाहन उपकरणों की खरीद और रखरखाव (साथ ही संबंधित विविध, विद्युत और पेंटोमिनिम कार्यों सहित) द्वारा डंडूपुरा/ओटीपी के प्रमित क्षेत्रों में संचित और अंतिम अपशिष्ट परिवहन के लिए पर्याप्त प्रशीतकता की क्षमता। अनुमानित राशि: 141.66 लाख रुपये प्रत्यय राशि: 2,83,300/–रु. समय अवधि : 4 महीने निविदा शुल्क: 3,000/–रु.	03.11.2026 को पूर्वा. 9.00 बजे से 19.11.2026 को पूर्वा. 11.30 बजे तक	13.11.2026 को पूर्वा. 11.35 बजे
	कार्यकारी अभियंता – सड़क मंडल संख्या 2		
2.	जन निगम चंडीगढ़ के सड़क उपखंड संख्या 2 के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सेक्टर 21, 22 और 24 में सी–4 सड़क, सेक्टर 15 और 19 में सी–5 सड़क, सेक्टर 15 और 21 में सी–6 सड़क और सेक्टर 17, 18, 19, 21 और 22 में पब्लिक लाइटों का पी–आर्मीटेन (कार्य/पोल की संख्या करीब) / कैलिपर हेड – सड़क पब्लिक लाइटों और उपकरणवाह सुविधाओं का रखरखाव। अनुमानित लागत: 114.04 लाख रुपये समय सीमा: 6 महीने	02.11.2026 से 09.11.2026 की दोपहर 12.00 बजे तक	09.11.2026 को अपरा. 13.00 बजे

नोट: 1) विस्तृत निविदा और शर्तों सहित निविदा सूचना वेबसाइट www.chandigarh.gov.in या etenders.chd.nic.in पर उपलब्ध/अपलोड की जाएगी।

अधिशासी अभियंता

उपखण्डपाल मंडल, कमरा संख्या 612, छठी मंजिल, नए दीवानी सिविल, सेक्टर 17, चंडीगढ़ ईमेल आईडी: mce.swm2020@gmail.com, और सड़क संधारण मंडल 3, कमरा संख्या 311, तीसरी, चंडीगढ़। फोन: 0172-2021482 semce3.mce@chd.nic.in

बैंक ऑफ़ बड़ौदा

Bank of Baroda

अंचल दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, प्रयागराज 19–ए, द्वारिका भवन, प्रथम तल, टैगोर टाउन, प्रयागराज

अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए सूचना "परिशिष्ट"- IV–ए [नियम 8(6) एवं नियम 9(1) के परंतुक को देखें]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं नियम 9(1) के परंतुक के तहत ई– नीलामी बिक्री सूचना

एतत्द्वारा जनसाधारण एवं ऋणी तथा जमानतकर्ता को विशेष रुप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति/बंधक/प्रभारयुक्त सम्पत्ति को, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **सांकेतिक कब्जे** में लिया गया है, को बैंक के निम्नलिखित खाते के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **"जो है जहाँ है, जो है जैसे है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। ऋणी/जमानतकर्ता/प्रतिभूति आस्ति/देय/ आरक्षित मूल्य/ई–नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (इएमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है–

ई– नीलामी की तिथि एवं समय – 26.11.2026 समयः 02:00 PM से 06:00 PM	ई.एम.डी. जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय – 25.11.2026 समयः 04:00 PM तक
समुचित निरीक्षण करने के लिए तिथि एवं समय – 03.11.2026 से 25.11.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM	

ऋणियों/ जमानतकर्ताओं का नाम एवं पता	अचल सम्पत्तियों का विवरण	कुल बकाया राशि	कब्जा की स्थिति	आरक्षित धनराशि/ अग्रिम धनराशि/ बिड बढ़ोत्तरी राशि
ऋणी:–(1) मेसर्स डिम्पल स्टोन क्रेसर पार्टनर्स श्री पंकज गौतम पुत्र श्री राजेश गौतम और श्री राजेश गौतम पुत्र श्री नाथू गौतम के माध्यम से पता 62 /5ई/ 2 मालवीय रोड जॉर्ज टाउन प्रयागराज (पूर्व में-इलाहाबाद)-211002 **पार्टनर/ जमानतकर्ता- मेसर्स डिंपल स्टोन क्रेसर (1) श्री पंकज गौतम पुत्र**	बांदा के अंतर्रा कस्बे में स्थित प्लॉट नंबर 1317/1/2/3 (गाटा नंबर 1375, 1376, 1378 'क') की भूमि और भवन (क्षेत्रफल 0.336 हेक्टेयर), जो श्रीमती संध्या गौतम पत्नी श्री राजेश गौतम- (जमानतकर्ता/ बंधककर्ता) के नाम पर स्थित है: **चौहद्दी इस प्रकार है: पूरबः** संध्या देवी और लखन सिंह का खेत। **पश्चिमः** रज्जन सिंह का खेत। **उत्तरः** देवेंद्र सिंह का खेत। **दक्षिणः** गणेश पांडे का खेत	**दिनांक** 25–10–2026 तक **रु.** 9,91,28,207.27 + ब्याज एवं अन्य प्रभार/खर्चे दिनांक 26.10.2026 से प्रभावी	सांकेतिक	**रु. 1,46,21,000/–** **(आरक्षित मूल्य)** **रु. 14,62,100/–** **(अग्रिम धनराशि)** **रु.1,00,000/–** (बिड बढ़ोत्तरी राशि)

श्री राजेश गौतम (2) राजेश गौतम पुत्र श्री नाथू गौतम दोनो का पताः (1) ग्राम- अंतर्रा (बाँर बाजार) पोस्ट- अंतर्रा (बाँर बाजार) जिलाः बांदा (उ.प्र.)-210201 (2) 62 /5ई/ 2 मालवीय रोड जॉर्ज टाउन प्रयागराज (पूर्व में-इलाहाबाद)-211002 **जमानतकर्ता मेसर्स डिंपल स्टोन क्रेसरः श्रीमती संध्या गौतम पत्नी श्री राजेश गौतम पताः** ग्राम- अंतर्रा (बाँर बाजार) पोस्ट- अंतर्रा (बाँर बाजार) जिलाः बांदा (उ.प्र.)-210201

बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया बैंक ऑफ बड़ौदा की वेबसाईट का अवलोकन करें:- https://www.bankofbaroda.in/e-auction एवं ऑनलाइन ऑक्सन पोर्टल Baanknet.com बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाईल नं0- **9451845259, 9909229922, 7800015875** से सम्पर्क करें।

दिनांक : 31.10.2026 स्थानः प्रयागराज प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

अपराध संक्षेप

मंदिरों से घंटे चोरी करने वाला गिरफ्तार



बांदा। मंदिरों से पीतल के छोटे घंटे चोरी करने वाले आरोपी भुरा को नियन्त्रण पुलिस ने शुक्रवार सिमने के 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पीतल के 136 छोटे–बड़े घंटे, 150 जंजीरें और 29 टूटे ताले बरामद किए गए हैं। सीओ सदर प्रदीप सिंह ने बताया कि नियन्त्रण के कांस्टेबलों के नेतृत्व में सूचना दी थी कि 31 अक्टूबर की रात चोर के दो बोरियों में घंटे चोरी ले गए। (संवाद)

अरोपी भुरा और बरामद घंटे। फोटो : डिजाइन

तीन बच्चे रास्ता भटके, पुलिस ने ढूंढा

बांदा। कुपरहे गांव के निवासी पवन, पंकज और छह साल के सौन्य बच्चे रास्ता भटक गए। पूरी रात तलाश के बाद कोतवाली नगर पुलिस ने सोशल मीडिया सूचना तंत्री की सक्रियता ढूंढ कर पहिचान के सुपुर्द कर दिया। बच्चे एक परिवार के पास खेले मिले। कोतवाली नगर क्षेत्र की एक महिला ने एक व्यक्ति को रात सूचना दी कि वह बच्चों को अपने घर की ओर ले जा रहा है। पता चलते ही उसके तीनों बच्चे सामने थे। सीओ सिटी प्रदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बच्चों को ढूंढ लिया। (संवाद)

सांप के डसने से महिला की मौत

बांदा। कालिंजर थानाक्षेत्र के पैसार गांव के मजरा देवहारा में रविवार देर शाम फूल सिंह की पत्नी मुन्ना (55) को सांप ने डसने से मौत हो गई। देवहारा निवासी अजब सिंह ने बताया कि छोटे भाई की पत्नी मुन्ना घर के पास खेत में चारा काटने गई थी। इसी दौरान उसके पैर में सांप ने डस लिया। पोलिस उन्हें आगरी सीएचसी ले गए। डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम कालेज रेफर कर दिया, जहां उनकी मौत हो गई। (संवाद)

पत्नी से कहासुनी, युवक ने लगाया फंदा

बांदा। फतेहगंज के बरोलनकोरी गांव में पत्नी से घरेलू कहासुनी के बाद जहान शुक्ल ने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। थाने निवासी धनेंद्र ने बताया कि उनके चचेरे भाई अमृतलाल (36) निर्माहर थे और गांव में ही मोहल्ला बलसुरी करते थे। फतेहगंज थाना इंसपेक्टर राजेश पाण्डे ने बताया कि पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद युवक ने आत्महत्या की है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। (संवाद)